# इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड

## पारादीप इकाई

### हिंदी कार्यान्वयन् समिति

समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन दिनांक 18-08-10 को 1330 बजे से 1530 बजे के मध्य केन्द्रीय सभागार (पूर्व प्रशासनिक भवन) मे सम्पन्न हुआ.

| उपस्थित सदस्य | अनुपस्थित सदस्य |
|---|---|
| श्री ए. के. सिन्हा (अध्यक्ष) | कर्नल सुदर्शन मिश्रा |
| कैप्टन एस. के. महापात्र (सचिव) | श्री बी. एन. टुडु |
| श्री पी. एच. पटेल | श्री चिरंजीव मिश्रा |
| श्री डी. एस. राव | श्री एस. आर. वर्मा |
| श्री मुकेश कुलश्रेष्ठ | श्री शुभाशीष पात्रा |
| श्री एस. आर. मौर्य | श्री गणेश्वर महाराणा |
| श्री बी. एच. उपाध्याय | |
| डा. पुष्पा मोहन्ती | |
| श्री एन. आर. नायक | |
| श्री आर. के. स्वाईं | |
| श्री सर्वेश कुमार | |
| श्री के. के. सिंह | |
| श्री एस. के. पट्नायक | |
| श्री प्रताप कुमार महापात्र | |

बैठक के प्रथम चरण मे समिति के सदस्यों द्वारा प्रथम बैठक मे जो प्रस्ताव पारित किए गये थे, उन पर चर्चा हुई एवं वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई.

1. हिंदी के प्रचार व प्रसार हेतु हिंदी सॉफ्टवेयर सभी कम्प्यूटर्स पर उपलब्ध कराया जाये.

आकलन - हिंदी सॉफ्टवेयर - अक्षर नवीन, काफी संख्या मे कम्प्यूटर्स पर उपलब्ध कराया जा चुका है. शेष कम्प्यूटर्स पर शीघ्र ही उपलब्ध कराया दिया जायेगा.

दायित्व - श्री एन. आर. नायक

2. सभी कार्यालयी कामकाज व पत्रव्यवहार अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी मे भी हो, अन्यथा पत्र व्यवहार का शीर्षक हिंदी मे अवश्य होना चाहिए.

आकलन - यद्यपि हिंदी सॉफ्टवेयर - अक्षर नवीन, काफी संख्या मे कम्प्यूटर्स पर उपलब्ध कराया जा चुका है तथापि इसके संचालन के लिए लोगों को पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है.

हिंदी  विभाग - मुख्यालय से इस सम्बंध मे विचार विमर्श करके लोगों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई जायेगी.

दायित्व - सचिव राजभाषा

3. यात्रा विवरण, वाहन आवेदन पत्र, अवकाश प्रार्थना पत्र, आगंतुक प्रवेश पत्र व पाली परिवर्तन पत्र  हिंदी मे भी उपलब्ध कराया जाये.

आकलन - इस सम्बंध मे सक्षम प्राधिकारी से अनुमति ले कर शीघ्र ही लागू किया जायेगा.

दायित्व - प्रशासनिक व कार्मिक विभाग (श्री एन. आर. नायक)

4. क्लब पुस्तकालय मे हिंदी साहित्य से सम्बंधित पुस्तकों, समाचार पत्रों व मैगजीनों का समावेश किया जाये.

आकलन - इस सम्बंध मे क्लब पदाधिकारियों को अनुरोध पत्र प्रेषित करना है.

दायित्व – सचिव इफको रिक्रीएसन क्लब

5. व्यावसायिक पत्र (विजिटिंग कार्ड) अंग्रेजी व हिंदी दोनो मे छपने चाहिए.

आकलन - इस सम्बंध मे प्रशासनिक व कार्मिक विभाग को अनुरोध पत्र प्रेषित करना है.

दायित्व - प्रशासनिक व कार्मिक विभाग (श्री एन. आर. नायक)

6. नाम पट्टिका, शाइन बोर्ड, टेलीफोन निर्देशिका, पर्यावरण स्वास्थ व सुरक्षा नीति हिंदी मे भी उपलब्ध कराई जाये.

आकलन - इस सम्बंध मे प्रशासनिक व कार्मिक विभाग को अनुरोध पत्र प्रेषित करना है.

दायित्व - सचिव राजभाषा

7. अंग्रेजी से हिंदी शब्दकोष सभी विभागों एवं अनुभागों मे उपलब्ध कराया जाये.

आकलन - इस सम्बंध मे हिंदी विभाग - मुख्यालय को अनुरोध पत्र प्रेषित करना है.

दायित्व - श्री मुकेश कुलश्रेष्ठ

8. दैनिक कार्य मे आने वाले एक अंग्रेजी शब्द का हिंदी अनुवाद प्रतिदिन नियत स्थलों पर प्रदर्शित किया जाये.

आकलन - मुख्य प्रशासनिक भवन व समय कार्यालय पर एक अंग्रेजी शब्द का हिंदी अनुवाद प्रदर्शित किया जायेगा.

दायित्व - श्री मुकेश कुलश्रेष्ठ एवं श्री एन. आर. नायक

9. हिंदी सप्ताह मनाने के सम्बंध मे रूपरेखा बनाना.

इस सम्बंध मे बैठक के द्वितीय चरण मे चर्चा की गई है.

10. हिंदी कार्यशाला का आयोजन समय - समय पर किया जाये. इसके लिए आन्तरिक व बाह्य हिंदी विद्वानों की सहायता ली जा सकती है.

आकलन - हिंदी कार्यशाला के आयोजन के लिए हिंदी विभाग - मुख्यालय से विचार विमर्श करकेहिंदी कार्यशाला अतिशीघ्र आयोजित करना है.

दायित्व - कैप्टन एस. के. महापात्र एवं श्री मुकेश कुलश्रेष्ठ

11. समिति के सभी सदस्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से यह अपेक्षित है कि वे हिंदी मे ही हस्ताक्षर करें. अन्य सभी लोगों से यह अनुरोध कि वे हिंदी मे हस्ताक्षर करना प्रारम्भ करें.

आकलन - समिति के सभी सदस्य वचनबद्ध हैं कि वे जहाँ तक सम्भव है, हिंदी मे ही हस्ताक्षर करेंगे. अन्य सभी लोगों से हिंदी मे हस्ताक्षर करने के लिए अनुरोध पत्र प्रेषित करना है.

दायित्व - राजभाषा समिति

12. प्रतिसप्ताह हिंदी मे एक सुविचार पारादीप सर्कुलर मे प्रेषित किया जाये.

आकलन - हिंदी मे एक सुविचार पारादीप सर्कुलर मे प्रति सोमवार को प्रेषित किया जायेगा.

दायित्व - श्री एन. आर. नायक एवं श्री के. के. सिंह

13. हिंदी समाचार (ई - हिंदी बुलेटिन) प्रतिमाह प्रसारित किया जाये.

आकलन - हिंदी समाचार (ई - हिंदी बुलेटिन) का प्रतिमाह प्रसारण शीघ्र ही प्रारम्भ किया जायेगा.

दायित्व - श्री एस. आर. मौर्य एवं श्री एन. आर. नायक

बैठक के द्वितीय चरण मे समिति के सदस्यों ने हिंदी विभाग - मुख्यालय से प्राप्त पत्र के अनुसार अन्तर इकाई प्रतियोगिताओं का प्रथम चरण आयोजित करने एवं हिंदी सप्ताह मनाने के सम्बंध मे विचार विमर्श किया.

1. अखिल इफको स्तर पर कर्मचारियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन दिनांक 27-08-10 को होना सुनिश्चित हुआ है. इसके लिए आवश्यक सूचना शीघ्र प्रसारित की जाएगी.

दायित्व - श्री बी. एच. उपाध्याय

2. अखिल इफको स्तर पर कर्मचारियों के बच्चों के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं नारा प्रतियोगिता के प्रथम चरण की सूचना भी शीघ्र ही प्रसारित की जाएगी

दायित्व - श्री एस. आर. मौर्य एवं श्री सर्वेश कुमार

3. इस वर्ष हिंदी सप्ताह दिनांक 14 से 17-09-01 के मध्य आयोजित करने का निर्णय हुआ है.

हिंदी सप्ताह से सम्बंधित बृहद कार्यक्रम के विवरण की विस्तारपूर्वक सूचना का प्रसारण, आगामी बैठक के उपरांत किया जाएगा.

दायित्व - श्री एस. आर. मौर्य एवं श्री सर्वेश कुमार

4. अखिल इफको स्तर व हिंदी सप्ताह के अन्तर्गत होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं आयोजन के लिए बजट की व्यवस्था कर्मचारी कल्याण मद से की जाएगी.

दायित्व - श्री डी. एस. राव

5. समिति की आगामी बैठक के सम्बंध मे सूचना, समिति के सदस्यों को शीघ्र ही प्रेषित की जाएगी.

दायित्व - सचिव राजभाषा समिति

| | |
|---|---|
| ए.के. सिन्हा | एस.के.महापात्रा |
| अध्यक्ष | सचिव |
| राजभाषा कार्यान्वयन समिति | राजभाषा कार्यान्वयन समिति |